## ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मरकच्चो कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग मरकच्चो हाट बाजार के समीप ब्रह्मटोली में गुरूवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ 65 वर्षीय व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर हो गयी। मृतक की पहचान केदार सिंह पिता स्व बन्धन सिंह मरकच्चो प्रखण्ड के पपलो पंचायत स्थित ग्राम नावडीह निवासी के रूप में किया गया। वह बाइक जेएच 12 जे 5931 से मरकच्चो से अपना घर नावाडीह जा रहा था। उसी दिशा से जेएच 11 एच 9091 ट्रक भी आ रही थी। बाईक से ओवर टेक लेने के क्रम में ट्रक ने बाईक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर हो गयी। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को घटना स्थल के पास लगभग 2 घण्टे तक जाम कर दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी मरकच्चो सौरभ कुमार शर्मा दल बल के साथ पहुंचे और समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं ट्रक को ग्रामीणों के द्वारा बरहमसिया चौक पर पकड़ा गया और बिरनी थाना गिरिडीह में रखा गया है।

## एस्टीमेट के तहत हो गार्डवाल निर्माण कार्य : राजेंद्र कुमार



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वराई पंचायत में गार्डवाल निर्माण कार्य एस्टिमेट के तहत कराने की मांग मुखिया राजेंद्र कुमार ने की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यमुनिया नदी में गार्डवाल निर्माण में सवेंदक के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। पुराने गार्डवाल के ऊपर ही निर्माण कार्य किया जा रहा है। बगल में ही गढ़ा खोदकर मिट्टी भरा जा रहा है। घटिया किस्म का सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। रोड हमेशा व्यस्त रहता है। निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने पर कार्य टिकाऊ नहीं होगी। उन्होंने प्राकलन के तहत निर्माण कार्य करवाने की मांग की है।

## स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के समीप संचालित सरगम इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बरवाडीह के भोक्ता स्थान मैदान में किया गया। जिसमें स्कूल के नर्सरी क्लास से दसवीं क्लास के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों के बीच भिन्न भिन्न प्रकार का खेलो का आयोजन करवाया गया। इस अवसर पर निदेशक राजेश कुमार सोनी ने कहा कि खेल खेलने से बच्चों का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सद्भाव का विकास होता है। स्कूल की प्राचार्य मुसर्रत परवीन ने कहा की 29 अगस्त को पूरे भारत वर्ष में खेलों के महत्व को बढ़ावा के लिए राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेल हमे एक दूसरे को साथ ले कर एकता का भाव को बढ़ावा देता है, और हमे किसी भी भेदभाव से दूर रखता है। इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के प्रबंधक अध्यक्ष सहेश्वर दांगी, सचिव शंकर कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार साव, उपाध्यक्ष सरोज सोनी, उप सचिव शंकर कुमार, किशोर, कुतुब, साजिद, मनीषा, मांशी, चमेली शिल्पा, सुशीला, तंद्रा, सुधा, सपना, सबीना, तमन्ना, उपेंद्र, पिंटू इत्यादि शिक्षागण और स्कूल के सभी बच्चे मौजूद थे।

## खेलो झारखंड कार्यक्रम संपन्न



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड 2024-25 का दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न हुआ। उद्घाटन खेल जीएम कॉलेज के मैदान जबकि समापन मैच केएन प्लस टू विद्यालय इचाक के मैदान में हुआ। समापन उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार में किया। अतिथियों ने कहा कि खेल बच्चों के जीवन में एक अहम पाठ है। सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में रुचि लेना चाहिए, क्योंकि खेल से शारीरिक मानसिक और बौद्धिक का विकास होता है। यह सौभाग्य है कि इचाक के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खेल में मिडिल मॉडल स्कूल डाढ़ा, कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय बोंगा, मिडिल स्कूल डाढ़ा, मध्य विद्यालय बरकाखुर्द, मध्य विद्यालय डुमरौन, देवकुली, मध्य विद्यालय हदारी, मध्य विद्यालय कुरहा, प्राथमिक विद्यालय सिरसी समेत दर्जनों विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थी प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक लक्ष्मण कुमार, एनुल अंसारी, संजय मेहता, सीआरपी हृदयाशु कुमार, संतोष कुमार, रविंद्र कुमार यादव, ओमप्रकाश, शिक्षक अरुण कुमार, बालेश्वर प्रसाद, राजीव कुमार, सुरेंद्र राणा, खेल शिक्षक किरण कुमारी, अभिनव गुप्ता, रिसोर्स शिक्षक थॉमस पासवान, इंद्रदेव प्रसाद मेहता, सुनीता कुमारी, मीणा सिंह, स्वेता आनंद, मीणा कुमारी, रश्मि प्रतिमा कुजूर, कांति कुमारी, दीपक कुमार, देव नारायण मेहता, प्रियंका मेहता समेत अन्य लोगो का सराहनीय सहयोग रहा।

## कटकमदाग के भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास कुशवाहा का निधन, शोक की लहर



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के भाजपा मंडल अध्यक्ष हुलास कुशवाहा का आकस्मिक निधन हो गया। हुलास कुशवाहा को हाल में भी कटकमदाग भाजपा मंडल अध्यक्ष बनाया गया था। इससे पहले इन्होंने कटकमदाग भाजपा मंडल समिति में उपाध्यक्ष और महामंत्री का दायित्व निभा चुके थे। कटकमदाग प्रखंड के बानादाग के रहने वाले हुलास कुशवाह पसई पंचायत का बतौर मुखिया प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। पीडीएस का दुकान संचालन भी करते थे। हजारीबाग के पूर्व सांसद प्रतिनिधि के रूप में भी कटकमदाग प्रखंड की जिम्मेवारी का इन्होंने बखूबी निर्वहन किया था। इधर हुलास कुशवाहा के आकस्मिक निधन की सूचना से मर्माहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग उनके शोक संतप्त परिवार से मिलने एवं मृतक के अंतिम दर्शन के लिए उनके घर पहुंचे। सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से उनकी पुण्यआत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और उनके शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दु:ख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना भी की।

# 'आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम आज से

**लाभुकों के बीच ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों का होगा वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** मुख्य सचिव, झारखंड के निर्देश पर जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न पंचायतों और नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में शिविर का आयोजन कर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। जिले के सभी पंचायतों में शिविर लगाने को लेकर जिलास्तर से तैयारी भी प्रारंभ कर दी गयी है। जिले के विभिन्न पंचायतों में शिविरों के आयोजन की तिथि की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। शिविर का आयोजन 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक किये जाने का निर्णय लिया गया है। वहीं सभी प्रखंडों के लिये वरीय पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी किया गया है। शिविरों में आम जनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। शिविर में आम जनों से विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं और समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया जायेगा और आवेदनों का त्वरित निष्पादन भी किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष शिविर में आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये जायेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत वैसी योजनाएं जिन्हें राज्य सरकार सैचुरेशन मोड में लागू करने के लिए कृत संकल्पित है, जैसे सभी प्रकार की पेंशन योजनाएं, आयुष्मान कार्ड का वितरण, सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित एफआरसी द्वारा आवेदन प्राप्त किये जायेंगे ताकि छूटे हुए व्यक्तियों को भी लाभान्वित किया जा सके।

### ऑन द स्पॉट होगा परिसंपत्तियों का वितरण

प्रत्येक शिविर में कल्याण मंच स्थापित किया जायेगा जिसके माध्यम से शिविर में ही ऑन द स्पॉट परिसंपत्तियों और सरकारी लाभों का वितरण लाभुकों के बीच किया जायेगा। सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्ति तथा स्वीकृति हेतु शिविर में योजनावार अलग-अलग स्टॉल लगाया जायेगा। उपरोक्त योजनाओं के अतिरिक्त राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का लाभ भी इन पंचायत स्तरीय शिविर और नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में आयोजित शिविरों में आम जनों को उपलब्ध कराया जायेगा। सभी योजनाओं से संबंधित प्रखंड स्तरीय अधिकारी-कर्मी शिविर में उपस्थित होंगे। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत दिनांक 30 अगस्त को इन जगहों में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक

# अवैध बालू उठाव पर सख्ती का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। समाहरणालय सभागार में हुई बैठक में अवैध बालू के उठाव और परिचालन की सूचना पर उपायुक्त ने पुलिस और प्रखंड स्तर को बेहतर कॉर्डिनेशन के साथ कारवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिलास्तर पर बने कुल 9 अस्थायी चेक पोस्ट का सुचारू रूप से क्रियान्वयन न होने के कारण बालू से लदे वाहनों का परिचालन में वृद्धि की बात कही। बड़कागांव, कटकमदाग, सदर, बरकट्ठा, कटकमसांडी, पेलावल आदि से अवैध परिवहन की सूचनाएं दैनिक समाचार पत्रों, स्थानीय प्रतिनिधियों और राज्य स्तर से लगातार प्राप्त हो रही है, जिसकी रोकथाम हेतु समीक्षा।

विशेष शाखा, झारखंड, रांची से प्राप्त पत्र के अनुसार बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से बालू उठाव कर कटकमदाग होते हुए बालू परिवहन का मामला प्रतिवेदित किया है और चौपारण थानान्तर्गत क्षेत्रों से भी नदियों से स्थानीय मिलीभगत कर बालू के अवैध परिवहन का मामला की जानकारी के आधार पर स्थानीय प्रशासन व पुलिस को टीम गठित कर नियमित रूप से सघन चेकिंग अभियान चलाकर ऐसे गतिविधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, डीएफओ वाइल्ड लाइफ सूरज कुमार, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटना की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, गुड सेमरेटन, अतिक्रमण, सड़क जागरूकता कार्यक्रम, यातायात व्यवस्था समेत कई बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चलाने वाले और बिना शीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों का नियमित रूप से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही आमजनों के बीच हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट लगाने को लेकर नियमित रूप से जागरूकता अभियान का आयोजन करें। उपायुक्त ने एनएच को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़को पर जहां जहां पानी का जमाव होता है, वहां ड्रेनेज सिस्टम की व्यवस्था दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। शहरी क्षेत्रों में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला खनन टास्क फोर्स समिति मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पत्थर और बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त महोदया ने खनन टास्क फोर्स की टीम और अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर भी सघन कार्रवाई करने का निर्देश दिया। ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने को कहा। साथ ही अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी सौमित्र शुक्ला और अन्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी के अधिकारियों को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**अधिकारी बादम कॉल ब्लॉक पथ निर्माण कार्य का सर्वे का कार्य करने आये थे**

**बड़कागांव पुलिस ने पहुंचकर अधिकारियों को ग्रामीणों से छुड़ाया**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत में एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजन के अधिकारियों के द्वारा रोड सर्वे का कार्य किया जा रहा था। सूचना मिलते ही बादम, गोंदलपुरा, बलोदर, हाहे के स्थानीय ग्रामीण जो अदानी कोल खनन परियोजन के विरूद्ध पिछले 497 दिनो से आज तक ससत घटना कर धरनास्थल पर डाटे हुए है। धरनास्थल से जाकर धरनार्थियों ने सर्वे कार्य को रूकवाया, और अधिकारियों को करीब 1 किलोमीटर पैदल चलवा कर धरना स्थल पर लाकर बाइज्जत बैठा दिया। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि कंपनी को कोई भी कार्य को करने से पहले ग्राम सभा की स्वीकृति लेनी होती है। बिना ग्राम सभा किये हुये सर्वे का कार्य कैसे कर रहे हैं। वही ग्रामीणों ने अधिकारियों को इसकी सूचना देते हुए उन्हें हिदायत दी गई कि आगे का कार्य करने से पहले ग्राम सभा को इसकी सूचना दे अन्यथा आप क्षेत्र में काम करने के लिए ना आये।

आज तक एनटीपीसी बादम कोल खनन परियोजना के लिए कोई ग्रामसभा पारित नही हुई है और ना ही ग्रामीणों से कोई सहमति बनी और ना ही कंपनी को ग्रामीणों ने जमीन दिया है। कंपनी जोर जबर्दस्ती बंदूक के नोक पर ग्रामीणों के जमीन को लूटने का काम कर रही है। तत्पश्चात बड़कागांव पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने बुझाने का काम किया। जिसके बाद ग्रामीणों ने डायरी में अधिकारियों के द्वारा हस्ताक्षर कराकर उन्हें बड़कागांव पुलिस के समक्ष इज्जत के साथ जाने दिया गया।

मौके पर मुखिया वासुदेव यादव ने कहा की कोई भी कार्य करने से पहले ग्राम सभा की मंजूरी ली जाती है, लेकिन प्रतिनिधि होने के नाते मुझे इसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गयी। कंपनी मनमाने तरीके से सर्वे का कार्य कर रही थी जिसका ग्रामीणों ने भारी विरोध किया।

# कर्मियों की हड़ताल को सीटू ने दिया समर्थन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** राज्यभर में कार्यरत कार्यालय स्टाफ, सफाईकर्मी, सुपरवाइजर, ड्राइवर सहित दस हजार नगर निकाय कर्मियों ने झारखंड लोकल बॉडीज इम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले अपने छह सूत्री मांगों को लेकर 23 अगस्त से ही राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जिसके कारण शहर में गंदगी का अंबार लगना शुरू हो गया है। गुरुवार को नगर पंचायत डोमचांच के कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि 45वें और 46वें भारतीय श्रम सम्मेलनों की सिफारिशों को लागू कर सभी स्तर के दैनिक वेतन भोगी, आउटसोर्सिंग और ठेका पर काम कर रहे मजदूर कर्मचारियों को न्यूनतम 26 हजार रुपये वेतन या मानदेय दिया जाय। अभी झारखंड में 426 रुपए प्रतिदिन के दर से 11596 रुपये प्रतिमाह मिल रहा है जिससे परिवार का भोजन, ईलाज व बच्चों की पढ़ाई का उठाना संभव नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट का आदेश है कि लगातार दस साल से अधिक काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाये, उसके बाद भी राज्य सरकार के द्वारा इसे लागू नहीं किया जा रहा है। सीटू सफाई कर्मियों के आंदोलन को पूर्ण समर्थन देता है और आउटसोर्सिंग व ठेका प्रथा व्यवस्था समाप्त कर स्थाई रोजगार की मांग करता है। लोकल बॉडी फेडरेशन कोडरमा के पूर्व अध्यक्ष सियाराम ने कहा कि दैनिक वेतन कर्मियों को स्थाई करने, आउटसोर्सिंग ठेका व्यवस्था बंद करने, दुर्घटना बीमा का लाभ देने, सामाजिक सुरक्षा के तहत सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन देने, समान काम का समान वेतन देने सहित छह सूत्री मांगों के लिए अनिश्चितकालीन हड़ताल सफल है। अध्यक्षता डोमचांच के अध्यक्ष राजेश दास और संचालन सचिव सुदामा कुमार दास ने किया। धरना में कोडरमा नगर पंचायत के कन्हैया कुमार, राधेश्याम दास, किसुन दास, मनीष कुमार, डोमचांच नगर पंचायत के बालेश्वर दास, विक्रम कुमार, मुन्ना साव, बुद्धदेव सिह, सनोज भूइयां, विक्रम सिहं, संजय कुमार, दीपक कुमार, कैलाश दास, अजय दास, दुर्गी दास, भागी दास, सविया देवी, रितू देवी, देवंती देवी, लीला देवी, मालो देवी, मीना देवी, अमला देवी आदि मौजूद थे।

## आइसेक्ट विवि के विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए गये कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के सातवें सेमेस्टर के 21 छात्र-छात्राओं को कृषि संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी भेजा गया। चार माह के प्रशिक्षण के बाद विद्यार्थी आइसेक्ट विश्वविद्यालय लौट आयेंगे। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय अपने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने को लेकर पहचान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट कक्षाओं की सुविधा प्रदान किये जाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के तमाम जरूरी सुविधाएं विश्वविद्यालय की ओर से मुहैया करायी जाती है। कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में चलाए जा रहे सभी कोर्सों के तहत विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराये जाते हैं। साथ ही जिस कोर्स में विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, उन्हें संबंधित स्थान पर भेजकर प्रशिक्षण भी कराया जाता है। कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय में कृषि से यूजी और पीजी दोनों कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पढ़ाई कराये जाने के साथ साथ, विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण व प्रयोगात्मक कार्य अनुभव के लिए विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में प्रशिक्षण भी कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि सेमिनार, कांफ्रेंस, संगोष्ठी व अन्य माध्यमों के जरिये विद्यार्थियों के समावेशी विकास पर बल दिया जाता है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र, वाराणसी जाने वाले विद्यार्थियों में जीतु कुमार, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, नंदकिशोर, अभय कुमार, आदर्श, पियुष, नीरज, बालाजी, चंदन, आशुतोष, नकुल, किशोर, नितिश, अभिनंदन सहित अन्य के नाम शामिल हैं। कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी, प्रतिभा हेंब्रम समेत अन्य प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया खेल दिवस




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** राज इंटरनेशनल स्कूल में मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस को समर्पित राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूल के कक्षा नर्सरी से आठवी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने खेलों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रिंसिपल राहुल घोष ने विद्यार्थियों को खेल दिवस की महत्ता बताकर की। इस दौरान विद्यार्थियों में वन लैग दौड़, जंप दौड़, थ्री लैग दौड़, रिले दौड़, 50 मीटर दौड़, बैक दौड़ आदि के मुकाबले करवाये गये। इस मौके स्कूल की निर्देशिका सम्पा सिंह ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भाग लेने रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ बनाए रखना, मस्तिष्क की क्षमता विकसित करना, रणनीतिकता का अभ्यास करना, और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है। यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है और हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने, और जीतने की क्षमता प्रदान करता है। इन मुकाबले में विजेता रहने वाले विद्यार्थियों को इनाम बांटे गये। कार्यक्रम के अंत में अध्यापकों की भी एक रेस का आयोजन किया गया। सभी को खेलों का महत्व बताते हुए अध्यक्ष रामलखन सिंह ने कहा कि खेल शिक्षा का एक अनिवार्य अंग है। स्वस्थ शरीर व मन अध्यापकों और छात्रों सभी के लिए बहुत आवश्यक है। सभी ने विद्यालय के खेल शिक्षक शरद अग्रवाल का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में सुष्मिता टूटी, एमडी इकबाल, उजाला सिंह, पूजा कुमारी, सैफुद्दीन, खुशदिल आदि मौजूद रहे।

## सनराइज मॉडल पब्लिक स्कूल तुर्कबाद में मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** सनराइज मॉडल पब्लिक स्कूल तुर्कबाद में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का 119वीं जयंती के अवसर पर खेल दिवस मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों के बीच कुर्सी रेस, स्लो साइकिल रेस, बिस्किट रेस, लॉन्ग रेस, मैथ्स रेस समेत विभिन्न तरह का खेलकूद प्रतियोगिता कराया गया। खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल और लेखन सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के निदेशक सुरेश साव ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रकाश डालते कहा कि भारत के सर्वश्रेष्ठ एथीलट्स में से एक और हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद का जन्मदिवस पर देश राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है। जिसकी शुरुआत 2012 में भारत सरकार ने की। मेजर ध्यानचंद बचपन में पहलवान बनना चाहते थे, लेकिन वह बने हॉकी प्लेयर। 29अगस्त 1905 को प्रयागराज में समेश्वर दत्त सिंह और श्रद्धा सिंह के घर ध्यानचंद का जन्म हुआ था। उन्होंने ही 1928 एमस्टरडम ओलंपिक, 1932 लॉस एंजेलिस और 1936 के बर्लिन ओलंपिक खेलों में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था। विद्यालय के सहायक शिक्षक एसलाल चौधरी ने पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न खेलों में भी अपने रुचि बढ़ाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। सिर्फ पढ़ाई से ही नहीं बल्कि खेल में भी अव्वल होकर हम अपने समाज और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रवीण मोदी, चंद्रदेव प्रसाद, पिंटू साव, मुकेश साव, अर्जुन कुमार, अमित राय, बसंत मोदी, दृष्टि कुमारी, निकिता कुमारी, सरस्वती कुमारी, खुशबू देवी, गौरा देवी रिंकू देवी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केरेडारी के बुंडू में हाथियों का कहर



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अति सुदूरवर्ती बुंडू पंचायत में हाथियों के झुंड ने खूब तबाही मचा मचाई है। हाथियों के झुंड ने लगभग एक दर्जन घर व दो दर्जनों से अधिक फसलों को रौंद दिया हैं। घटना बीती देर रात्रि की बताई जा रही है। वहीं हाथियों की तबाही से उक्त गांव के ग्रामीण रात जगा करने में लगे हैं। बुंडू पंचायत के पंसस रंजीत तुरी ने बताया कि ग्रामीणों के मकान को बुरी तरह से हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है और दो दर्जन किसानों के खेतों मैं लगी फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। जिनका नुकसान हुआ है उनमे सुरेंद्र साव, धुनेश्वर यादव, नरेश साव, लालधरी गंझू, कृष्णा कुमार, चमनी देवी, संजू देवी, जय सागर, बिखली देवी, मानिजर साव का धान का फसल को रौंद डाला है। वही सरहुल साव, राजेश कुमार, सबिता कुमारी, गणेश कुमार, कुसुम कुमारी, शांति देवी, फूलमती देवी, राजेश कुमार, बंशी करमाली के खेत में जंगली हाथियों द्वारा मकई की फसल नष्ट कर दिया। इसके अलावा मसो बिरशी देवी, सरिता देवी, सुदामा करमाली, मुंशी करमाली, सीता देवी, मो नमिता देवी, मो सोहाबतया देवी, शांति देवी, रघुवीर तुरी का हाथीयों द्वारा घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इन सभी पीड़ित परिवार के लिए वन विभाग से मुआवजे की मांग की है और हाथियों के हुए हमले से ग्रामीण दहशत में हैं।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो : केशव महतो कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान मे संवाद आपके साथ कार्यक्रम के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश तथा विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंच से बोलते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि, जो जिम्मेदारी मिली है समर्पण और ईमानदारी से निभाऊंगा। राज्य के सभी जिलों मे जाकर कार्यकत्ताओं की भावना और सुझाव लिया जा रहा है। पुराने और समर्पित कार्यकर्त्ताओं से भेट कर उन्हें सम्मान देने का प्रयास कर रहा हूं चितरपुर, हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, गढ़वा, पलामू लातेहार होते हुए लोहरदगा आया हूँ। सबसे पहले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक एवं पूर्व मंत्री स्व इंद्रनाथ भगत और पूर्व मंत्री स्व भुखला भगत तथा बीमार पूर्व जिला अध्यक्ष साबिर खान से मुलाकात करने उनके घर गया। उन्हें उनके परिवार को खोया सम्मान देने का प्रयास है। इन्ही के बदौलत आज झारखण्ड मे कांग्रेस जीवंत और मजबूत है। स्व फकीर मोहम्मद, स्व प्राण प्रसाद जायसवाल, साजिद अहमद पूर्व जिला अध्यक्ष का सम्मान करता हुँ उन्हें नमन करता हुँ। जिन्होंने अपने खून पसीने से कांग्रेस को सींचा हैं। उन्होंने कहा की बूथ कमिटी, पंचायत कमिटी, प्रखंड कमिटी जिला कमिटी मजबूत होगा तभी प्रदेश मे कांग्रेस मजबूत होंगी। कहा, बूथ जीतो चुनाव जीतो होना चाहिए। सबसे ज्यादा जरुरी बूथ कमिटी है। उन्हें जीवंत और मजबूत बनाइये। कार्यकर्त्ताओं से आह्वान किया कि कार्यकर्त्ता झारखंड की गठबंधन की सरकार की उपलब्धियों को जनता तक लेकर जायें। उनकी समस्याओं का निदान कीजिए। कांग्रेस समर्थित झारखण्ड सरकार किसानों गरीबों का ऋण माफ कर रही है। इसे जनता तक लेकर जायें। कांग्रेस की लड़ाई फिरकापरस्त और सांप्रदायिक शक्तियों से है। कहा कि, जोश के साथ होश बनाये रखें। जिसकी जितनी आबादी उतनी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी` धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद और मंच संचालन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने द्वारा किया गया । इस अवसर पर स्थानीय विधायक सह मंत्री ने कहा, लोहरदगा जिला के आदिवासी मुस्लिम सहित सभी समाज के अभिवंचित लोगों के कल्याण का कार्य किया गया है। आने वालों वर्षो मे लोहरदगा मॉडल जिला बनेगा। विकास की गाथा मिसाल बनेगी। उन्होंने स्थानीय संविधान मे खोजने की बात कहते हुए कहा कि, सजगता जरूरी है। इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचु, राजीव रंजन, रामा खलखो, राजेश कच्छप, मानस सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल डूंगडूंग, नेसार अहमद, साजिद अहमद, सीमा प्रवीण, सदरुल अंसारी, मुजम्मिल अहमद, निशीथ जायसवाल, कुणाल अभिषेक, सच्चिदानंद, जुगल भगत, बिगा पाहन, दीपक महतो, सत्यदेव भगत, तनवीर आलम, यूनुस बिनय उरांव (प्रदेश अध्यक्ष छात्र संगठन), सरिता देवी, चंद्रशेखर भगत, अमृता उरांव आदि हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## लोहरदगा में हथियार के साथ अपराधी गिरफ्तार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा पुलिस ने अपराध की योजना बनाते एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस गिरफ्त में आये अपराधी की पहचान किस्को सेमरडीह निवासी उदित उरांव पिता मंगलदास उरांव के रूप में किया गया है। उसके विरुद्ध किस्को थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि सेमरडीह निवासी उदित उरांव के पास हथियार है और वो किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कारवाई हेतु वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश में रात्री में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया तथा छापामारी दल के द्वारा उदित उरांव के घर पर छापामारी की गयी। पुलिस ने उदित उरांव के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया।

# डेंटल क्लीनिक के संचालक का अपहरण कर कोवाली में हत्या, हथियार के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



डॉ. बृहस्पति मंडल की फाइल फोटो

**सरायकेला/ घाटशिला।** खरसावां जिले के राजनगर थाना अंतर्गत सिजुलता निवासी डेंटल क्लीनिक के संचालक बृहस्पति मंडल (57) की गुरुवार को फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या कर दी गयी। अपहरणकर्ताओं ने कोवाली में बृहस्पति की हत्या कर शव को जंगल में फेंक दिया। हालांकि, सरायकेला-खरसावां और जमशेदपुर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी मौके से भागने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपियों में राजनगर के ओढ़ागुट्ठू निवासी चंदन गोप और जमशेदपुर के सुंदरनगर निवासी रोहित कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक हथियार और घटना में प्रयुक्त कार जब्त कर ली है। इधर, घटना के बाद राजनगर पुलिस शव को जब्त करने मौके पर पहुंची पर ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया।

मृतक बृहस्पति मंडल का पियालडीह में मंडल क्लीनिक नाम से डेंटल क्लीनिक है। क्लीनिक में उनके बेटे भास्कर मंडल बैठते हैं, जबकि बृहस्पति मंडल क्लीनिक में बेटे का हाथ बंटाते थे। गुरुवार सुबह 9.30 बजे बृहस्पति मंडल अपने घर से क्लीनिक जाने के लिए निकले थे। इसी बीच कार से आये चंदन, रोहित और एक ने युवक ने हथियार दिखा कर बृहस्पति का अपहरण कर अपनी कार में बिठाया। कुछ दूर ले जाकर उसकी हत्या कर दी।

**बृहस्पति ने पहचाना, इसलिए कर दी हत्या, 20 लाख मांगनेवाले थे :** पूछताछ में चंदन ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पूर्व ही उसने साथियों के साथ मिल कर अपहरण कर फिरौती की मांग करने का प्लान बनाया था। कार रोहित सिंह की थी। सभी 20 लाख फिरौती मांग कर आपस में बांटने वाले थे। वह अपहरण कर कोवाली के हरिना मंदिर में छुपनेवाले थे। फिरौती की रकम मिलने के बाद वे बृहस्पति को छोड़ देते। सभी ने कार में बृहस्पति के साथ मारपीट का एक वीडियो भी बनाया। इसी बीच बृहस्पति ने उसे पहचान लिया। पहचान उजागर हो जाने के डर से उन्होंने गमछे से गला घोंट कर हत्या कर दी।

**कार मैकैनिक का काम करता है चंदन :** चंदन ने पुलिस को बताया कि वह बृहस्पति मंडल के घर के पास ही रहता है, इसलिए वह बृहस्पति मंडल को जानता था। वह सुंदरनगर में कार मैकैनिक का काम करता है। दो माह पूर्व रोहित उसके पास कार बनवाने आया था, जहां दोनों के बीच पहचान बढ़ी। इसके बाद दोनों ने अपहरण का प्लान बनाया था।

# यौन शोषण के आरोप में झामुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** यौन शोषण और उत्पीड़न के आरोप में झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष युसूफ अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में पीड़िता द्वारा महिला थाना में आरोपी झामुमो नेता युसूफ अंसारी के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने कहा, मामला दर्ज होने के बाद महिला थाना की पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष युसूफ अंसारी विभिन्न कतिपय कारणो से चर्चित रहा है। रसूखदार जीवन जीने का आदि आरोपी युसूफ अंसारी पर पीड़िता ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार तीन वर्षों तक यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। आरोपी युसूफ अंसारी फर्जी तरीके युवाओं को नौकरी देने और ठगी करने के आरोप में पूर्व में भी जेल की हवा खा चुका है। फिलहाल, मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का बाजार गर्म है

# लोहरदगा में सात मानव तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में मानव तस्करी के विरुद्ध की गयी कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सात मानव तस्कर को धर दबोचा है वही उसके चुंगल से 34 मजदूरों को मुक्त कराया है। मुक्त कराये गये मजदूरों में एक बच्ची 10 वर्ष, एक बालक 13 वर्ष व दो महिला भी शामिल हैं। गिरफ्तार मानव तस्कर में बिनोद भगत, सुरेश असुर, दिलीप लोहरा, अंजारूल हक, सुरेन्द्र गोप, जगेश्वर उरांव व नेपाली उरांव शामिल हैं।

इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक, हारिस बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मानव तस्करी की रोकथाम हेतु लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर छापामारी अभियान चलाया गया था। छापेमारी पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में अहतु थाना लोहरदगा एवं रेलवे सुरक्षा पदाधिकारी एवं कर्मी के सहयोग से किया गया था। जिसमे पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। छापामारी के क्रम रेलवे स्टेशन लोहरदगा से मजदूरो को अगरतला (त्रिपुरा) ईंटा भट्टा, जॉनपुर उतर प्रदेश ईंट भट्ठा और ससाराम (बिहार) ईट भट्ठा ले जा रहे सात मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया। वही उनके गिरफ्त से अवैध मानव तस्करी के लिए ले जाते हुए कुल 34 मजदूरों को सकुशल बरामद किया गया। छापेमारी दल में डीएसपी समीर कुमार तिर्की, अहतु थाना प्रभारी सुमन मिंज, रमेश्वर प्रसाद यादव, पुलिस निरीक्षक रघुवीर सिंह, रेल सुरक्षा बल, अजीत कुमार, सैयद, कार्तिकचंद पाल, महिला हेड कांस्टेबल कल्पना कुमारी, दुबराज उरांव, सुखनाथ हांसा, भरत सिंह, बेला कंचन बागे आदि शामिल थे।

## रामदास सोरेन को मंत्री बनाये जाने से घाटशिला में उत्साह

**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन को मंत्री बनाये जाने की सूचना से पूरे इलाके में उत्साह की लहर है। गुरुवार को स्थानीय विधायक रामदास सोरेन ने एक कार्यक्रम में कई योजनाओं का शिलान्यास किया। इसी कार्यक्रम में उन्हें मंत्री बनाये जाने की जानकारी लोगों को मिली, तो वे खुशी से झूम उठे। कार्यक्रम में झामुमो के जिला कोषाध्यक्ष कालीपद गोराइ, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भगत, प्रखंड अध्यक्ष वकील हेमरोम, सचिव रतन महतो, काजल डन, सुखलाल हांसदा, अपा हेंब्रम, भारत मुर्मू, दसमत सोरेन, मंटू महतो, करुणाकर महतो, खुदीराम हांसदा, अमर पूर्ति के साथ सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रपति से मिले अमरप्रीत सिंह काले



**देश भर में महिलाओं पर हो रही अपराध, नशा से नौजवानों की नुकसान व अन्य मामले की चर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश के पूर्व प्रवक्ता व समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले ने महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने महामहिम से देश भर के महिलाओं पर हो रही अत्याचार, मादक पदार्थों का सेवन करने से युवाओं पर पड़ रहे मानसिक प्रभाव व प्रदेश से जुड़े कई मुद्दों पर गहन चर्चा की। वही उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति जी के अमूल्य समय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त की।

# भागवत कथा में रुक्मणि-कन्हैया विवाह की झांकी देख झूमे भक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्राचीन पहाड़ी शिव मंदिर परिसर में राधा रमन प्रचार मंडली के द्वारा आयोजित वार्षिक संगीतमय भागवत कथा के जन्माष्टमी को भगवान कृष्ण के जन्म के बाद बुधवार की रात्रि रुक्मणि और कन्हैया के विवाह को झांकी के माध्यम से दिखाया गया। भागवत कथा के दौरान प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री के द्वारा रुक्मणि और कन्हैया के विवाह को झांकी के माध्यम बताते हुए विवाह सभी विधि विधान से कराया गया। कथा वाचक अनुराग शास्त्री ने रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक विवाह किया। भागवत कथा के दौरान कथावाचक ने कथा के साथ भगवान के भजन से मौजूद लोगो को भगवान की भक्ति में झूमा दिया। इस दौरान मौके पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, निरंजन सिंह, कन्हैया पाठक सतनाम सरदार, रेखा पाठक, बब्लू मिश्रा, विकास कुमार, अरुण, मनीष पाठक, लव पासवान, यशराज, बिबेक कुमार, अरविंद पांडे, समेत अन्य लोग शामिल थे।

## लोहरदगा में सांप काटने से बच्चे की मौत

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में पिछले दो दिनों में सांप के काटने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। दोनों ही घटनाएं उस समय हुईं जब बच्चे अपने बिस्तर पर सो रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार ताजा मामला सदर थाना क्षेत्र के ऐने गांव की है। जहां सांप के काटने से 12 वर्षीय नेयरा उरांव की मौत हो गयी। नेयरा, संदीप उरांव का पुत्र था, जो रात में अपने घर में सो रहा था, जब उसे हाथ में सांप ने काट लिया। परिवार ने उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन अस्पताल में इलाज के बाद भी झाड़फूंक का सहारा लिया गया। हालत बिगड़ने पर नेयरा को लोहरदगा सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विगत वर्ष पेशरार थाना क्षेत्र में हुए दुष्कर्म के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 1 लोहरदगा के न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध फैसला सुनाया है। कांड के दोषी एक आरोपी को न्यायालय ने दोषी पाते हुए 20 वर्षों का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये की जुमार्ना की सजा सुनाया गया है। गौरतलब है कि पेशरार थाना कांड सं. 06/23, दिनांक 15.06.2023, धारा 342/376/504/506 भादवि के अंतर्गत प्राथमिक अभियुक्त सुनिफ अंसारी व सतार अंसारी दोनों साकिन बेटहठ, थाना बगड़ू, जिला लोहरदगा के विरूद्ध वादीनी के साथ जबरन बलात्कार करना एवं जान मारने की धमकी के आरोप में दर्ज किया गया था। अनुसंधान के क्रम में सुनिफ अंसारी के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया गया था।

# आइपीएम ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्र सरकार के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र की ओर से लोहरदगा जिला के लोहरदगा सदर में 29 अगस्त 2024 दिन गुरुवार को दो दिवसीय आइपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी, सहायक निदेशक एवम मुख्य अतिथि जिला कृषि पदाधिकारी लोहरदगा कालेन खलखो के द्वारा किया गया। प्रभारी अधिकारी प्रीति कुमारी द्वारा फसल में लगने वाले कीट- व्याधियों के प्रबंध में आइपीएम के महत्व को बताया एवं आइपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों के बारे में बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी प्यारी संगा के ने खेती में बीजोपचार के महत्व को बताया और प्रक्रिया का प्रदर्शन करके दिखाया एवं आइपीएम में अपनाये जाने वाले व्यहवारिक विधि के बारे किसानों को बताया। सहायक वनस्पति सरंक्षण अधिकारी डॉ. गीता के द्वारा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमे मित्र कीटों का पहचान कराया एवं फसल में लगने वाले कीटों और उनके प्रबंधन पर चर्चा की।

तकनीकी सहायक नीतीश कुमार सुमन और उमेश कुमार शर्मा के द्वारा यांत्रिक विधियों के बारे में किसानों को फसल सुरक्षा की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित किए गए एनपीएसएस ऐप के उपयोग एवं महत्व के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान राज्य कृषि कर्मचारीगण एवं 50 से अधिक प्रगतिशील किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भडगांव इट भट्ठा से अपाची मोटर साइकिल संख्या जे एच 01 एएन 4386 की चोरी 10 अप्रैल को हो गया था। वही डाडू गांव निवासी अफसर अंसारी की पत्नी रेहाना खातून ने सेन्हा थाना में आवेदन देकर चोरी की घटना की जानकारी 29 अगस्त को देते हुए बताया था कि 10 अप्रैल 2024 को मेरा पति ईट भट्ठा में काम करने गया था। जिसके बाद काम के करने के क्रम में ही मोटर साइकिल की चोरी हो गया था। जिसे अपने स्तर से पता लगाया तो मोटर साइकिल की चोरी उदरंगी निवासी अली हसन अंसारी द्वारा किया गया था। जब मेरा पति अफसर अंसारी मोटर साइकिल की मांग किये तो अलिहसन अंसारी बोला की मोटर साइकिल पहाड़ की तरफ बिक्री किये है। साथ ही यह भी कहा कि आदमी को नही जानते है। जिसपर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए भंडरा थाना क्षेत्र के उदरंगी गांव निवासी आरोपी अली हसन अंसारी को तथा कलेहेपाट गांव निवासी रूस्तम अंसारी को गिरिफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# डीएमएफटी राशि से हो रहे निर्माण जल्द पूरा करें : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में डीएमएफटी की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी, डीएमएफटी संतोष भगत के द्वारा उपायुक्त महोदया को डीएमएफटी के माध्यम से संचालित विकास योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय स्थिति की जानकारी से अवगत कराया गया। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किये जा रहे स्कूल बाउंड्री निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, जीर्णोद्धार इत्यादि कार्य की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अविलम्ब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके आलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयवधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी संतोष भगत, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, संबंधित पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, डीएमएफटी की टीम समेत अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ का अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ का 14वें दिन भी अनिश्चिकालीन हड़ताल जारी है। झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ के जिला मंत्री शुभम पंडा ने बताया बर्तमान में कार्यरत वनरक्षी की नियुक्ति 2014 में हुई थी। झारखंड में वनरक्षी के कुल 3,883 पद हैं। इसकी तुलना में फिलहाल 1,625 वनरक्षी ही सेवारत हैं।नियमावली में स्पष्ट प्रावधान है वनपाल के शत प्रतिशत पद प्रोन्नति के होंगे। लेकिन वह नही होरहा है। उन्होंने कहा झारखंड के वनरक्षी अल्प वेतन भत्ते और बिना किसी विशेष सुविधा के जंगलों की सुरक्षा,विकास व वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं लोगों की सुरक्षा सहित अन्य विभागीय कार्यों के लिए दुर्गम स्थानों पर दिन रात लगे रहते हैं। विगत 6 वर्षों से प्रभारी वनपाल के प्रभार के रूप में बिना किसी आर्थिक लाभ का कार्य रहे है। जान माल की क्षति की संभावना हमेशा बनी रहती है। उनके लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय सरकार ने वनरक्षियों के प्रोन्नति के अवसर को छीनने का कार्य किया। इसके लिए झारखंड राज्य अवर वन सेवा संघ मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक से कई बार गुहार लगा चुका है। लेकिन किसी भी स्तर से सकारात्मक पहल नहीं की गयी।उन्होंने कहा आंदोलन के पूर्व भी सभी वनरक्षियों ने पुनः मुख्यमंत्री सहित सभी वरीय पदाधिकारी व प्रधान मुख्य वन संरक्षक के नाम पत्र लिखकर अपनी समस्या से अवगत कराया। ताकि 2014 के वनरक्षी नियुक्ति नियमावाली में हुए संशोधन को रद्द किया जा सके।उन्होंने कहा सरकार के इस फैसले से बड़ी संख्या में वनरक्षी बिना प्रमोट हुए ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दर्जन से ज्यादा पत्र भी लिखा जा चुका है। पीसीसीएफ से भी बात हुई है। लेकिन जब उनकी मांगों पर विचार नहीं हुआ तो मजबूर होकर हड़ताल के लिए बाध्य हो गये।

# डीडीसी ने शिक्षा विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में डीडीसी के अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से संबंधित मासिक समीक्षा बैठक का अयोजन किया गया। शुक्रवार को उपविकास आयुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विद्यालयों में अबतक बच्चों के कुल नामांकन, वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्कूलों को भेजे गए स्कूल अनुदान राशि का उपयोग, व्यय की स्थिति, वित्तीय वर्ष 2024-25 में विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति,साईकिल वितरण की अधतन स्थिति, विद्यार्थियों का बैंक खाता व आधार खाता सहित,ई-विद्यावाहिनी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति,बैंक खाता के सत्यापन संबंधित प्रतिवेदन,मध्याह्न भोजन योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं व आधारभूत संरचना निर्माण के आवश्यकताओं की समीक्षा की गई।मौके पर डीडीसी ने मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में तीन दिनों के अंदर सभी सीटों पर नामांकन पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा में 81 प्रतिशत शिक्षक की ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति दर्ज होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी। कहा शत प्रतिशत शिक्षक प्रतिदिन उपस्थिति दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति अधिक पाई गई,पूर्व अनुमति लेकर ही शिक्षक अवकाश पर जाएंगे। साथ ही ई विद्यावाहिनी में मात्र 68% छात्रों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। उन्होंने कहा सभी विद्यालयों में प्रतिदिन बच्चों का बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करेंगे।

## गुमला में नये प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत, कांग्रेसियों ने रखी प्रत्याशी बदलने की मांग

# कांग्रेस बलिदानियों की पार्टी है, मिल कर मजबूत करेंगे: कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कांग्रेस के कार्यक्रम संवाद आपके साथ में वक्ताओं ने गुमला विधानसभा के तीनों सीट पर चुनाव लड़ने की प्रबल इच्छा जाहिर की। जिसके बाद प्रदेश अध्यक्ष और पुर्व प्रदेश अध्यक्ष बालमुचू दोनों के माथे पर बल दिखाई दिया।

वक्ताओं ने कहा विधानसभा चुनाव में तीनों सीट से कांग्रेस के एक भी विधायक नहीं है। इन तीनों सीटों में झामूमो के विधायक है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेसियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में ये तीनों विधायक हार रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि सिमडेगा जिले के दो सीट जिसमें दोनों विधायक कांग्रेस के हैं, वो भी चुनाव हार रहे हैं। कांग्रेसियों के इस बयान के बाद जिले के राजनीतिक हल्के में काफी गहमा गहमी है। गुमला में तीनों सीटों पर झामुमो का कब्जा होने के कारण कांग्रेस कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में काम करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कांग्रेसी कार्यकताओं ने जिले के तीनों सीट की मांग की और कांग्रेस से गुमला विधानसभा सीट के लिए एक सीट महिला की मांग की है। लेकिन कांग्रेस पार्टी गुमला में काफी मजबूत है और तीनों सीट जीतने की ताकत रखती है। कार्यकर्ताओं ने कहा जेएमएम कांग्रेस को तोड़ने का काम करती है। कांग्रेस ने गठबंधन के सारे फर्ज निभाएं लेकिन कांग्रेस को सम्मान नहीं मिला है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अपने भाषण में कार्यकताओं में जोश भरने का काम किया। उन्होंने कहा कि किसी परिस्थिति में कार्यकर्ता अपने बूथों और क्षेत्र को मजबूत रखें। कांग्रेस भारत की सबसे पुरानी और बड़ी पार्टी है। कांग्रेस ने खून देकर पार्टी को सींचा है। लोकसभा चुनाव के दरमियान राहुल गांधी ने कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम काफी सार्थक देखने को मिला। उन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से मुंबई की यात्रा की। जिसके कारण विपक्ष में हमारी इतनी मजबूत स्थिति बनी। उन्होंने कहा अभी तो ट्रेलर है आगे पूरी फिल्म दिखेगी। कांग्रेस बलिदानियों की पार्टी है। इंदिरा गांधी राजीव गांधी और कई बड़े नेताओं ने कांग्रेस के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हम सभी को एकजुट रहना है प्रखंड बूथ और जिला को मजबूत करना है। बूथ के कार्यकर्ता हमारे लिए मेरुदंड के समान है हम सभी का सम्मान करते हैं। हमें परिस्थिति में आकर गठबंधन करना पड़ा है। हम आज भी गठबंधन धर्म निभा रहे हैं और आगे भी इस धर्म को निभाएंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष चैतू उरांव ने किया।



### रमेश कुमार ने गुमला में कांग्रेस की सीट के लिए आभियान किया था शुरू

गुमला के पूर्व वरीय उपाध्यक्ष सह वर्तमान प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने गुमला जिले में कांग्रेस को सीट देने के लिए एक अभियान चलाया था। और यह अभियान आज विकराल रूप में देखने को मिला। आज कांग्रेस का हर कार्यकर्ता गुमला जिला के तीन विधानसभा क्षेत्र में से कम से कम दो सीटों पर कांग्रेस की दावेदारी मांग रहा है। हालांकि इस मांग को सुनने के बाद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दोनों की परेशानियां काफी बढ़ गई हैं, साथ ही प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कमेटी से कहा है कि पार्टी की मजबूती के मामले में तीनों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस किस विधानसभा में नंबर वन, नंबर टू और नंबर थ्री पर रहेगी। जिला कमेटी से प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस पर विस्तृत रूप से बुथ वार समीक्षा होनी चाहिए ताकि सीट शेयरिंग की मीटिंग में गुमला में कांग्रेस की दावेदारी को मजबूती से रखा जा सके।

## मुखिया संघ ने हड़ताल पर जाने का ज्ञापन सौंपा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** मुखिया संघ के बैनर तले राज्य के सभी मुखियाओं के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा के पश्चात गुरुवार को प्रखंड मुखिया संघ द्वारा अध्यक्ष बंदी राम उरांव के नेतृत्व में बीडीओ रमेश कुमार यादव को हड़ताल पर जाने का ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान मुखियाओं ने बताया कि हमारी पांच सूत्रीय मांग पंचायत को राज वित्त आयोग से आवंटित विकास राशि जल्द उपलब्ध कराने, कार्यकाल के दौरान पंचायत स्तर के किसी भी जनप्रतिनिधियों के अकास्मिक मृत्यु या दुर्घटना पर उनके परिजनों को 30 लाख का मुआवजा देने,केरल राज्य के तर्ज पर मुखियाओं का मानदेय 30 हजार रुपये करने, मंइया सम्मान, अबुआ आवास जैसी सरकारी योजनाओं में पंचायत जनप्रतिनिधियों व उनके परिवार जनों को शामिल करने और वित्तीय अधिकार जब्त करने पर रोक लगाने की मांग पुरी नही किए जाने तक हम सभी मुखिया अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस मौके पर मुखिया बंदी राम उरांव, इंद्रपाल उरांव, शोभा देवी, सुनीता देवी, सुगिया देवी, पार्वती देवी, अलबीना देवी, सुनी तिर्की, फ्लोरेंस देवी, सुभानी देवी,शकुन्तला देवी, सहित अन्य मुखिया गण उपस्थित थे।

## चार दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ



**सिसई (आजाद सिपाही)।** न्यु स्पोटिंग क्लब बुड़का द्वारा चार दिवसीय प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ गुरुवार को टाना स्कूल मैदान बुड़का में डीलर संघ मकीन अंसारी द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। उद्घाटन मैच इलेवन स्टार क्लब जैरा और सरंगलोया लापुंग के बीच खेला गया। आयोजन समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार, दुसरे को 20 हजार, तीसरे को 15 हजार और चौथे स्थान पर रहने वाली टीम को 10 हजार सहित कुल 70 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। फाइनल मैच एक सितंबर को खेला जाएगा। वहीं मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ खेलने और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते दर्शकों को मनोरंजन कराने की बात कही। मौके पर आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक उरांव, सचिव रविन्द्र उरांव, कोषाध्यक्ष विनीत बेक,उप कोषाध्यक्ष भुषण उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## कमलेश और पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज साहू का घाघरा में स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के गुमला जाने के क्रम में गुरुवार को घाघरा और बिशुनपुर के कांग्रेसियों ने कांग्रेस के जिला महासचिव कृष्णा कुमार लोहरा के नेतृत्व में गम्हरिया पुल के समीप गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस क्रम में बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत ने घाघरा स्थित अपने आवास के समीप प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। जहां उपस्थित समाजसेवियों ने बिशुनपुर विधानसभा से कांग्रेस के पक्ष में ही प्रत्याशी देने की बात कही। इसके बाद घाघरा चांदनी चौक में स्थित शहीद देवनारायण भगत के प्रतिमा स्थल पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने वीर शहीद के नाम लेते हुए अमर रहे का नारा लगाया साथ ही माल्यार्पण किया गया।

## सिसई का संतोष उरांव मिर्जापुर से लापता



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नगर नदी टोली निवासी राजमुनी उरांव के 19 वर्षीय पुत्र संतोष उरांव मिजार्पुर उत्तरप्रदेश लापता हो गया है। इस बाबत सिसई थाना में राजमुनी उरांव सन्हा दर्ज कराया है। दर्ज सन्हा में कहा गया है कि 21 जुलाई को मेरा बेटा संतोष उरांव ईंट भट्ठा कमाने जा रहा हूं कहकर घर से निकला उसके बाद से उसका पता नहीं चल रहा है। उसने बताया था कि भट्ठा मालिक से पैसा का हिसाब लेकर घर वापस आऊंगा। उसके बाद से उसका फोन नहीं लग रहा है। ना ही कुछ पता चल रहा है। वो उत्तर प्रदेश के ग्राम हिनौती थाना चुनार जिला मिजार्पुर के संतराम से पैसा हिसाब लेने के लिए गया था।

## पीएम आवास में हो रही अवैध वसूली के खिलाफ डीसी से की गयी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम जनमन आवास में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस योजना में प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर के द्वारा पीवीटीजी परिवारों से अवैध वसूली कर पीएम आवास देने का मामला सामने आया है। गुरुवार को गुमला उपयुक्त गुरदरी पंचायत भवन में पीवीटीजी परिवारों की सुविधा हेतु सीएनटी एक्ट की धारा 49 से संबंधित कोर्ट का आयोजन किया गया था। जहां पर गोरा पहाड़ की वार्ड सदस्य सुषमा असुर ने गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी को लिखित आवेदन देते हुए बताया कि बिशूनपुर प्रखंड कार्यालय में पद स्थापित आवास कोऑर्डिनेटर संदीपा कुमारी के द्वारा प्रति आवास दस हजार रुपया लेकर पीवीटीजी परिवारों को पीएम जन मन आवास मुहैया कराया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि स्वयं सुषमा असुर भी कोऑर्डिनेटर को अपने मोबाइल का यूपीआइ से दस हजार रुपया जन मन आवास के नाम पर ट्रांसफर की है। जिसका उन्होंने ट्रांजैक्शन हिस्ट्री भी उपयुक्त को दिखाया मौके पर सुषमा असुर के साथ लगभग आधा दर्जन पीभीटीजी परिवारों ने बताया कि प्रखंड आवास कोऑर्डिनेटर के द्वारा उन लोगों से भी आवास दिलाने के नाम पर पैसे की वसूली की गयी है। इधर मामले की जानकारी होने के बाद गुमला उपयुक्त आग बबूला हो गए और तत्काल प्रखंड कोऑर्डिनेटर संदीपा कुमारी पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। मालूम हो के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पीएम जनमन योजना को धरातल पर उतर कर पीभीटीजी परिवारों की स्थिति में सुधार लाने के लिए कुछ माह पूरे बिशुनपुर के पीवीटीजी परिवारों से सीधा संवाद किया गया था।

## राहगीरों ने श्रमदान कर सड़क मरम्मत की



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सुदूर्वती इलाका रुकीघाट में राहगीरों ने श्रमदान कर सड़क का मरम्मत गुरुवार को किया। इस दरमियान इस राह में होकर गुजरने वाले वाहनों को चलने में काफी परेशानी हो रही थी। जिसके बाद यात्री खुद ही श्रमदान करने का निर्णय लिया और रुकीघाट में अपने-अपने वाहनों को खड़ा कर-के सभी यात्री श्रमदान करके सड़क का मरमती कर दिया। यहां बता दे की रुकीघाट अति नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है। जहां पर राहगीरों को आने-जाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रशासन से कई बार उक्त सड़क का निर्माण के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग गुहार लगा चुके हैं, लेकिन प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगती। थक हार कर ग्रामीणों ने ही राहगीर से मिलकर सड़क का मरमतीकरण कर दिया। मौके पर उपस्थित तेंदार गांव निवासी महेंद्र भगत ने कहा कि प्रशासन का उदासीन रवैया इलाके का पिछड़ेपन का प्रमुख कारण है। इस इलाके में लगातार नक्सली गतिविधि होती रहती है लेकिन प्रशासन यहां के लोगों को मूलभूत सुविधा मुहैया नहीं करते हैं, जिसके चलते आज भी इलाके के लोग पाषाण युग में जीने जैसा माहौल में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। श्रमदान में लगभग दो दर्जन से अधिक यात्री व ग्रामीण मौजूद थे।

## वृद्ध व्यक्ति की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने टावर चौक को किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला सदर थाना क्षेत्र के बाईपास सड़क में बुधवार की शाम को हुई एक हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने शव के साथ गुमला शहर के टावर चौक को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस गंभीरता से कार्रवाई नहीं कर रही है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मृतक लोधा मुंडा गांव में ही पहान पुजार का काम करता था और काफी सीधा-साधा आदमी था। ऐसे में इस व्यक्ति की हत्या निश्चित रूप से अपराधियों के बढ़ते मनोबल को दर्शाने का काम कर रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि घटना बीती शाम की है जब कुछ लोगों द्वारा धारदार हथियार से इसकी हत्या कर दी गयी है। घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश है वही गुमला शहर के टावर चौक को जाम किए जाने के बाद पूरे शहर में अफरा तफरी का माहौल बन गया है गुमला से गुजरने वाले दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग पूरी तरह से बाधित हो गये।

वही घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि घटना स्थल पर पुलिस से जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी करने के साथ ही साथ मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की मांग की है। वहीं परिजनों ने बताया मृतक बुधवार को तिरां बाजार मुर्गा लड़ाई में गया था। वहीं वापसी के क्रम में अपराधियों ने उसपर चापड से हमला कर दिया जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गयी। वही टावर चौक जाम कर रहे ग्रामीण व परिजनों ने 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग और मृतक के परिजनों को मुआवजा की मांग की। जाम की जानकारी पर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह और अंचल अधिकारी हरीश कुमार टावर से पहुंचे और ग्रामीणों को समझाया इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।

## सिसई के 18 पंचायत सचिवालय भवनों में तिथिवार होगा शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** प्रखंड सभागार में गुरुवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की रुपरेखा व सफल संचालन की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बीडीओ रमेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 30 अगस्त से 15 सितंबर तक शिविर का आयोजन किया जाना है। इसके तहत प्रखंड के सभी 18 पंचायतों में निर्धारित तिथि वार संबंधित पंचायत के सचिवालय भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आपुर्ति, राजस्व, कल्याण, जेएसएलपीएस, मनरेगा, 15 वें वित्त, सामाजिक सुरक्षा, जन्म, मृत्यु, चिकित्सा अनुदान, बाल विकास परियोजना, कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, श्रम, आधार कार्ड, बैंक, निर्वाचन, लघु उद्योग, विधिक जागरूकता, शिक्षा, बिजली, पीएचईडी व आवास योजना सहित अन्य विभागों का स्टॉल लगाया जायेगा। उन्होंने स्वयंसेवक को व्यापक प्रचार-प्रसार करने और शिविर में सहयोग करने की जिम्मेवारी सौंपी। इस दौरान जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा ने क्षेत्र को गरीब, जरूरतमंद व मरीजों का मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ दिलाने सहित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करने,पंचायतों में ससमय शिविर संचालित करने, स्थानीय स्तर के जन प्रतिनिधियों को सम्मान देने का सुझाव दिया। वहीं जिप सदस्य विजय लक्ष्मी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि को शिविर की जानकारी देने और जन प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रमुख मीना देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, जिप सदस्य विजय लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ रमेश कुमार यादव,सीओ नितेश रौशन खलखो, सहित प्रखंड के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, पंचायत स्वयंसेवक, सभी भीएलइ, संबंधित विभागों के कंप्यूटर आपरेटर व कर्मी, जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

## ठनका गिरने से तीन घायल

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय के हरिजन कॉलोनी में एक घर के दिवार पर बज्रपात होने से तीन लोग घायल। घटना के संबंध में घायलों के परिजन विशम्बर बढ़ी ने बताया कि सभी बुधवार रात परिवार अपने घर में गहरी नींद में सो रहे थे। इसी बीच रात एक बजे के आसपास अचानक घर के दिवार के बीच अचानक बज्रपात होने से मेरी पत्नी देवंती देवी, ससुर, शंकर बढ़ी और सरहज गौरी देवी को बज्रपात का झटका लगने से तीन लोग घायल हो गये। वहीं दो लोगों का इलाज कामडारा अस्पताल में कराया गया और गौरी देवी को बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने रांची ले गये।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपियों को उम्र कैद की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे 4 पोस्को न्यायधीश संजीव भाटिया की अदालत में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी विकास उरांव और प्रकाश उरांव को पोस्को एक्ट के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वही 5 लाख का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर 2 साल अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है। पूरे मामले में डॉक्टर, पुलिस सहित 10 लोगों की गवाही हुई है। सरकारी पक्ष से विशेष लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी किया। पूरा मामला 2 जनवरी 2022 का है। गुमला जिला के एक गांव की रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा अपने चार सहेलियों के साथ जतरा मेला देखने घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव गई थी। छात्रा जब देर शाम तक घर नहीं लौटी तो उसकी मां अगल-बगल में पता लगाने लगी लेकिन कुछ पता नहीं चला। तभी रात करीब 8:30 बजे लड़की रोते-रोते घर आई और बताई शाम करीब 7:00 बजे घाघरा पतरा रूसी गढ़ा के पास जैसे ही मैं एवं मेरे सहेलियां पहुंची तभी पांच लड़के पीछे से आए और अचानक मेरा बाल पकड़ लिया और मुंह दबाकर झाड़ी में ले गए तथा जबरदस्ती मेरा कपड़ा उतार कर बारी-बारी से पांचो ने बलात्कार किया। वही मेरी सहेलियां डर से भाग गई। कुछ देर बाद बगल गांव के ग्रामीण आए और मुझे बचाया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आज गुमला के नगर भवन में जिले के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इस कार्यक्रम में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी अहमद बेलाल अनवर एवं उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त ने खिलाड़ियों को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

खिलाड़ियों का उत्साह वर्द्धन करते हुए जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहें हैं एवं मेडल्स जीत रहें है, यह बहुत बड़ी बात है। अतः आज के समय में खेल केवल खेल नहीं खिलाड़ी देश का नाम गौरवान्वित करने का कार्य कर रहें हैं। इसके साथ ही जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस को देश में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। गुमला जिले में इस दिवस पर जिले के होनहार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की परंपरा है जिसके तहत आज राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को यह सम्मान दिया गया। इस अवसर पर जिले के फुटबॉल कोच रिजवान अली को भी सम्मानित किया गया।

गुरु जिले भर के वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विजयी हुए कुल 34 खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

आज राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिले में मैराथन रेस ( सावित्री बाई पुस्तकालय से बांसडीह तक, बालक वर्ग 10 किलो मीटर एवं बालिका वर्ग 5 किलो मीटर) का आयोजन किया गया। वहीं इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता, संत इग्नासस स्कूल में हॉकी सहित अन्य खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

## फसल बीमा करने को लेकर तकनीकी केंद्र में बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा करने को लेकर के अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कृषि पदाधिकारी और कृषि मित्रों के साथ घाघरा प्रखंड तकनीकी केंद्र में बैठक किया। बैठक में किसानों को फसल बीमा लाभ योजना से जोड़ने के लिए कृषि मित्रों को कई जानकारियां दिया गया। इस मौके पर अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल ने कहा कि सभी कृषक मित्रों को 100 किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा करने का लक्ष्य दिया गया है। अंचल अधिकारी ने कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल योजना की जानकारी कृषक मित्रों के द्वारा जरूर से जरूर मिलनी चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ ले सके उन्होंने किसान किसानों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री फसल योजना के तहत जुड़े और अपने फसल का होने वाले नुकसान का भरपाई के लिए सरकार संबंधित ले। बैठक में दर्जनों कृषक मित्र उपस्थित थे।

## ठनका गिरने से दो की मौत

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के सीकरी पंचायत के पाकरटोली गांव में हो रही जोरदार बारिश के साथ बज्रपात की चपेट मे आने से दो लोगो की मौके पर ही मृत्यु हो गयी और 6 लोग घायल बताया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार पाकरटोली सामुदायिक भवन के पास पानी आने से कुछ लोग बच रहे तभी अचानक जोरदार से बज्रपात हुई। जिसमें मौके पर मनराथन कोरवा -(38)पिता ईश्वर कोरवा अवराटोली निवासी सुनील कोरवा (20) पिता स्व रामू कोरवा अवराटोली निवासी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। वही घायल में अवराटोली के रहने वाले बीरेंद्र कोरवा (18) पिता स्व नेहरू कोरवा, सुलेंदर कोरवा (16) पिता स्व रामू कोरवा, करण कोरवा-(14) पिता रतनलाल कोरवा नरेश कोरवा -(18) पिता स्व सहरू कोरवा, और पाकरटोली के निवासी पोहना खेरवार -(35)पिता स्व नारायण खेरवार, दुष्यन्त खेरवार-(18)पिता बाबूलाल खेरवार को घायल बताया जा रहा है ।

